# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 20.10.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 20.10.2025 को जनपद महोबा के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला संबंधित समस्याओं/अपराधों के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई, जिनमें शामिल हैं:

वूमेन पॉवर लाइन – 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा – 112
एम्बुलेंस सेवा – 108, चाइल्ड लाइन – 1098, स्वास्थ्य सेवा – 102
महिला हेल्पलाइन – 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन – 1076, साइबर हेल्पलाइन – 1930

कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका और उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। मिशन शक्ति केन्द्रों का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, मार्गदर्शन और सशक्तिकरण में सहयोग प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 20.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## दीपावली के पावन पर्व पर महोबा पुलिस ने जनपदवासियों के बीच बांटी खुशियां, निभाया सामाजिक सरोकार का दायित्व...



दीपावली का पर्व जहां समूचे देश में उल्लास और हर्षोल्लास के वातावरण में अपने-अपने घरों में मनाया जा रहा है, वहीं पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व/निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस द्वारा जनपदवासियों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से 24×7 अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक- 20.10.2025 को यातायात पुलिस प्रभारी श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा अपने परिवार एवं यातायात पुलिस टीम के साथ महोबा मुख्यालय स्थित अनाथालय में जाकर वहां के बच्चों के साथ दीपावली पर्व की खुशियां साझा की गयीं। पुलिस टीम द्वारा बच्चों को फुलझड़ी, पटाखे, मोमबत्तियां, मिठाई आदि उपहार स्वरूप प्रदान किये गये।

बच्चों ने पुलिस टीम के इस मानवीय एवं संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। पुलिस कर्मियों द्वारा बच्चों को स्नेहपूर्वक अपनापन का अहसास कराते हुए उनके साथ दीपावली मनाने का यह दृश्य सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर जरूरतमंद लोगों को मिष्ठान एवं पटाखे वितरित किये गये तथा उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा की गयीं।

महोबा पुलिस का यह सामाजिक एवं मानवीय प्रयास न केवल सुरक्षा का बल्कि संवेदनशील पुलिसिंग का भी सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 20.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## दीपावली के पावन पर्व पर महोबा पुलिस ने जरूरतमंदों के साथ बांटी खुशियां, निभाया मानवीय दायित्व...।

दीपावली का पर्व जहां समूचे देश में उल्लास और उत्साह के साथ अपने-अपने घरों में मनाया जा रहा है, वहीं जनपद महोबा पुलिस द्वारा जनपदवासियों को **सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण** प्रदान किये जाने के उद्देश्य से 24×7 अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 20.10.2025 को **थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह** के नेतृत्व में थाना पनवाड़ी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के अंतर्गत **आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं एवं बच्चों** के साथ दीपावली का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस टीम द्वारा **मिठाई, मोमबत्तियां एवं पटाखे** वितरित किये गये तथा उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा की गयीं।

थाना पनवाड़ी पुलिस के इस **सामाजिक एवं मानवीय पहल** की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की गयी। बच्चों एवं महिलाओं ने पुलिस टीम के इस अपनत्व भरे gesture पर हर्ष एवं कृतज्ञता व्यक्त की।

जनपद महोबा पुलिस का यह प्रयास पुलिस की संवेदनशील छवि को और सशक्त बनाता है तथा समाज में **"जनता के साथ, जनता के लिए"** के संदेश को सशक्त रूप से प्रसारित करता है।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 20.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## दीपावली के पावन पर्व पर महोबा पुलिस ने जरूरतमंदों के साथ साझा की खुशियां — पुलिस अधीक्षक महोबा ने वृद्धाश्रम एवं अनाथालय में मनाया पर्व..।

दीपावली का पर्व जहां समूचे देश में उल्लास और हर्षोल्लास के वातावरण में अपने-अपने घरों में मनाया जा रहा है, वहीं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित आधारशिला वृद्धा आश्रम तथा प्रांतीय बाल सेवा सदन (अनाथालय) महोबा पहुँचकर वहाँ के बुजुर्गों एवं बच्चों के साथ दीपावली पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बुजुर्गों एवं बच्चों को मिष्ठान, फल एवं उपहार वितरित किये गये तथा उनके साथ फुलझड़ियाँ जलाकर दीपावली की शुभकामनाएँ दी गईं। श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा वृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य, रहन-सहन एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं उनके आशीर्वाद प्राप्त किये गये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री मनीष कुमार पाण्डेय, पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री शिवम पाण्डेय सहित पुलिस बल उपस्थित रहा।

इसी क्रम में जनपद के सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारीगण द्वारा भी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अनाथ एवं बेसहारा बच्चों, वृद्धजनों एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के साथ दीपावली का पर्व मनाया गया।

अधिकारियों द्वारा बच्चों व बुजुर्गों के बीच जाकर मिठाइयाँ, फल, पटाखे, मोमबत्तियाँ आदि वितरित करते हुए सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ दी गईं।

पुलिस के इस संवेदनशील एवं मानवीय पहल से उपस्थित सभी जनों के चेहरे पर मुस्कान झलक उठी और पुलिस को सभी का स्नेह व आशीर्वाद प्राप्त हुआ।



जनपद महोबा में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत संचालित थाना श्रीनगर स्थित मिशन शक्ति केन्द्र ने एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सार्थक करते हुए सफल हस्तक्षेप किया।

आज दिनांक 20.10.2025 को आवेदिका पूजा अहिरवार पत्नी ओम प्रताप निवासी भैरवगंज, कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा द्वारा अपने घरेलू विवाद के संबंध में मिशन शक्ति केन्द्र पर प्रार्थना पत्र दिया गया।

मिशन शक्ति केन्द्र में नियुक्त महिला पुलिस अधिकारियों/आरक्षियों ने शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर संवाद एवं काउंसलिंग की प्रक्रिया कराई। धैर्यपूर्वक समझाने-बुझाने और परामर्श के उपरांत पति-पत्नी के बीच आपसी सहमति से प्रेमपूर्वक समझौता कराया गया।

इस पहल के परिणामस्वरूप पति-पत्नी के बीच अब आपसी सौहार्द एवं पारिवारिक सामंजस्य स्थापित हो गया है तथा विवाद समाप्त हो गया है। मिशन शक्ति टीम द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में समय-समय पर आवेदिका पूजा अहिरवार के मोबाइल नंबर पर फीडबैक लेकर उनकी सुरक्षा व संतोष का ध्यान रखा जाएगा।

यह घटना मिशन शक्ति केन्द्र की संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई और महिला पुलिस अधिकारियों की सक्रियता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसके माध्यम से एक परिवार को टूटने से बचाया गया और महिला को न्याय व सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

जनपद महोबा पुलिस मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर तत्पर है।

## "मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत थाना श्रीनगर मिशन शक्ति केन्द्र की तत्परता से घरेलू विवाद का हुआ सौहार्दपूर्ण निस्तारण"



मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा

## थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में जनचौपाल के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा आज दिनांक 05.10.2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पसवारा में मिशन शक्ति टीम के साथ पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस एवं सेल्फ डिफेन्स कार्यक्रम के अंतर्गत जनचौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न महिला सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई, जिनमें शामिल हैं –

वूमेन पॉवर लाइन – 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा – 112, महिला हेल्पलाइन – 181, चाइल्ड लाइन – 1098, साइबर हेल्पलाइन – 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन – 1076 आदि।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति केन्द्र की भूमिका और सेवाओं से अवगत कराया गया।

उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है तथा महोबा पुलिस इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

यह कार्यक्रम महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, आत्मविश्वास और कानूनी जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 20.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा





## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने डी.पी. एक्ट से सम्बन्धित 04 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 05.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित उ0नि0 बृजेश कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 176/2025 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.डालचन्द्र उर्फ डब्ले विश्वकर्मा पुत्र मुन्नालाल विश्वकर्मा उम्र 52 वर्ष 2.सुनील विश्वकर्मा पुत्र डालचन्द्र उम्र 26 वर्ष 3.रामदेवी पत्नी डालचन्द्र उम्र 48 वर्ष 4.खुशबू पुत्री डालचन्द्र उम्र 22 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम सौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम सौरा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम** -

1.उ0नि0 बृजेश कुमार चतुर्वेदी
2.हे0कां0 जंगबहादुर सिंह
3.कां0 सुधीर सिंह 4. म0कां0 सीमा यादव

## गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.डालचन्द्र उर्फ डब्ले विश्वकर्मा पुत्र मुन्नालाल विश्वकर्मा उम्र 52 वर्ष
2.सुनील विश्वकर्मा पुत्र डालचन्द्र उम्र 26 वर्ष 3.रामदेवी पत्नी डालचन्द्र उम्र 48 वर्ष
4.खुशबू पुत्री डालचन्द्र उम्र 22 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम सौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा

